प्रेस नोट

दिनांक 26.10.2024

हमीरपुर में "रेड स्कीम" के तहत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

आज दिनांक 26.10.2024 को हमीरपुर जिले में पुलिस अधीक्षक महोदया एवं जिला अधिकारी महोदय ने पुलिस बल के साथ कस्बा हमीरपुर में "रेड स्कीम" के अंतर्गत पैदल गश्त किया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और संभावित अराजक तत्वों पर निगरानी रखना है।

इस योजना के तहत, पूरे जनपद को विभिन्न ज़ोन एवं सेक्टर में बाँटा गया है, जहां विभिन्न स्तर के अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जनपद हमीरपुर में अपर जिलाधिकारी को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट और अपर पुलिस अधीक्षक को सुपर जोनल पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। तहसील सदर, मौदहा, राठ, एवं सरीला को अलग-अलग जोन में विभाजित कर इन क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने का कार्य किया गया है ।

इस अवसर पर श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदया ने पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण करते हुए सभी सुरक्षा प्वाइंट्स का निरीक्षण किया और तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ भी तैयारी का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी । "रेड स्कीम" के अंतर्गत अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सख्त निगरानी रखें और नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में कोई कसर न छोड़ें। जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाना है, ताकि नागरिक भयमुक्त वातावरण में रह सकें और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।